तापमान
अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

4
मोर गांव मोर पानी से बदलेगी गांवों की तस्वीर

खबर संक्षेप

खनिज के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, 17 वाहन जब्त

रायगढ़। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। विगत चार दिनों के दौरान पुसौर, रायगढ़ एवं खरसिया क्षेत्र में खनिज के अवैध परिवहन करते हुए कुल 17 वाहनों को जब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि 15 दिसंबर को रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 9 वाहन, 17 दिसंबर को पुसौर क्षेत्र में निम्न श्रेणी के चुना पत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 ट्रेलर तथा 18 दिसंबर को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाए गए 7 वाहनों पर जप्ती की कार्रवाई की गई। जब्त किए गए वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस थाना पुसौर, पुलिस थाना खरसिया एवं कलेक्टर कार्यालय परिसर में रखा गया है। अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधि अनुसार कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में खनिज निरीक्षक श्री सोमेश्वर सिन्हा सहित जिला खनिज अमले की सक्रिय भूमिका रही। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

273 यात्रियों का जत्था 20 को होगा रवाना

रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत 20 से 23 दिसंबर तक तीर्थ स्थल शिरडीए शनि सिंगनापुर एवं त्रयम्बकेश्वर की यात्रा कराई जा रही है। इस यात्रा के लिए जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों से चयनित वरिष्ठ नागरिकों, विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं सहित कुल 273 यात्रियों का जत्था 20 दिसंबर को दोपहर 1 बजे बोर्डिंग स्टेशन रायगढ़ से रवाना होगा।

अब तक 35 हजार से अधिक घरों का हो चुका है निर्माण

पीएम आवास निर्माण में रायगढ़ राज्य में दूसरे स्थान पर, अन्य जिलों के लिए बन रहा मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केंद्र सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में गरीबों के लिए आवास निर्माण में रायगढ़ जिला प्रदेश में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री आवास के लिए जिले को वर्ष 2024-25 में जिले को कुल 60 हजार 655 आवास का टारगेट मिला था, जिसमें से विभाग के द्वारा अब तक 35 हजार 573 आवास बनकर तैयार कर लिए गए हैं। वहीं पीएम आवास योजना में बिलासपुर जिला पहले नंबर पर है।

जानकारी के अनुसार पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन में अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है। पात्रता अनुसार गरीबों को आवास निर्माण के लिए राशि जारी की जा रही है। हर दिन एवरेज 7 से 8 आवास का निर्माण हो रहा है। योजना के तहत 5 वचन सूचकांक बनाया गया है। इसके तहत पहली प्राथमिकता बेघर परिवार को है। दूसरी एक कमरे में रहने वालों को, इसके बाद हितग्राहियों का चयन पंचायत स्तर पर होता है। इसके बाद पात्र हितग्राही को दो किस्त में राशि जारी की जाती है। वहीं साल 2025-26 के लिए भी जिले के द्वारा पीएम आवास हितग्राहियों को उनके पहले किश्त का भुगतान किया जा चुका है।

निर्माण कार्य में आ रही चुनौतियों का किया गया समाधान

पीएम आवास के निर्माण कार्य में आ रही चुनौतियों जैसे लेबर, राजमिस्त्री, सेंट्रिंग प्लेट और जल आपूर्ति की समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया गया। साथ ही बड़े स्तर पर निर्माण वाले गांवों में आवश्यक सामग्री को एक स्थान पर संग्रहीत कर हितग्राहियों को सामग्री खरीदने में सुविधा प्रदान की गई। जिसकी वजह से जिले में आवास का कार्य तेज गति से लगातार चल रहा है।

> पीएम आवास के निर्माण में कर्मचारियों की सतत निगरानी में लगातार निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि अपना रायगढ़ जिला आवास निर्माण के मामले में वर्तमान में प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।
>
> **अभिजीत बबन पठारे**
> सीईओ, जिला पंचायत

60 हजार से अधिक मकान बनाने का लक्ष्य

ब्लॉक	लक्ष्य	पूर्ण
धरमजयगढ़	13686	7543
घरघोड़ा	4048	2188
खरसिया	8836	5116
लैलूंगा	10610	6336
पुसौर	9073	5458
रायगढ़	10268	6477
तमनार	4134	2455

मिशनमोड में हो रहा काम

रायगढ़ की इस सफलता के पीछे जिला प्रशासन की रणनीतिक योजना, फील्ड विजिट और सतत समीक्षा की अहम भूमिका रही। प्रशासन ने मिशन मोड में काम करते हुए जिला और जनपद स्तर के अधिकारियों को प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में निरीक्षण के लिए भेजा। जिला पंचायत में केवल काम के अनुरूप अधिकारियों को ऑफिस में रखकर शेष सभी कर्मचारियों को फील्डवर्क में तैनात किया गया है। इन निरीक्षणों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। रायगढ़ जिले की यह सफलता राज्य के अन्य जिलों के लिए एक मॉडल के रूप में सामने आ रही है। प्रशासन की तत्परता, संसाधनों का कुशल प्रबंधन और फील्ड लेवल पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को जमीन पर प्रभावी ढंग से उतारने में सफलता दिलाई है।

जिला जेल में पहली बार बंदियों के लिए खेल उत्सव

रायगढ़। जिला जेल रायगढ़ में पहली बार बंदियों के स्वस्थ मनोरंजन एवं मानसिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से 21 दिसंबर तक आईपीएल की तर्ज पर नॉकआउट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता में बंदियों की 10 टीमें भाग ले रही हैं, वहीं शतरंज में 52 बंदी एवं कैरम में 76 बंदी प्रतियोगी हिस्सा ले रहे हैं। जिला जेल अधीक्षक ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच 21 दिसंबर को खेला जाएगा। इस खेल उत्सव को लेकर बंदियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। दर्शक दीर्घा में बैठे बंदी तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं, जिससे न केवल उनका मनोरंजन हो रहा है बल्कि बंदियों के बीच सौहार्दए अनुशासन एवं खेल भावना भी विकसित हो रही है।

जिले की बिजली व्यवस्था को बांटा जाएगा चार जोन में, नए संभाग के लिए मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के विद्युत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए जिले की बिजली व्यवस्था को चार जोन में विभाजित किया जाएगा और इसके साथ ही दो नए विद्युत संभाग भी बनाए जाएंगे।

ज्ञात हो कि शहर सहित जिले के उपभोक्ताओं को विद्युत समस्या दूर करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा विगत लंबे समय से जोन विभाजित करने की मांग चल रही थी, जिसको देखते हुए अब पावर कंपनी द्वारा हरी झंडी दे दी गई है। जिसको लेकर अब विभाग द्वारा तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों की मानें तो शहर के अलग-अलग श्रेणियों में कुल लगभग 54 हजार निम्नदाब विद्युत उपभोक्ता, 56 उच्चदाब विद्युत उपभोक्ता, 33/11 केव्ही के 17 उपकेन्द्र, 1521 ट्रांसफार्मर, 232 किमी 11 केव्ही लाइन विद्यमान है। इतनी बड़ी अधोसंरचना की देख-भाल एवं रख-रखाव का काम वर्तमान में केवल दो जोन कार्यालयों से किया जा रहा है। जिसके चलते विद्युत समस्या होने पर जहां विद्युत विभाग के कर्मचारी परेशान होते थे, तो वहीं आम उपभोक्ताओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, साथ ही बरसात के दिनों में अंधड़ के चलते कहीं पेड़ गिर जाए तो कहीं तार टूट जाने से कई क्षेत्रों में पूरी रात अंधेरा छा जाता था, जिसके चलते कई बार उपभोक्ता आफिस पहुंच कर विरोध करने लग जाते थे, इसी बात को देखते हुए अब पावर कंपनी द्वारा शहर में एक और संभाग बनाने के साथ दो जाने को चार जोन में विभाजित करने का फैसला लिया है। इससे चार जोन में विभाजीत होने के बाद जहां उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द निराकरण होगा तो वहीं संसाधनों का विस्तार भी तेजी से होगा।

रायगढ़ और धरमजयगढ़ में बनाए जाएंगे नए संभाग

अब रायगढ़ की नहीं लगानी पड़ेगी दौड़

अभी तक पूरे जिले के लिए रायगढ़ में ही संभाग आफिस था, जिसके चलते समस्या होने पर उपभोक्ताओं को रायगढ़ आफिस आना पड़ता था, इसको देखते हुए अब पावर कंपनी द्वारा धरमजयगढ़ में भी एक संभाग आफिस शुरू करने का निर्णय लिया है। यहां संभाग ऑफिस शुरू होने से धरमजयगढ़ सहित आसपास के कार्य वहीं से हो जाएगा, जिससे लोगों को अब रायगढ़ आने की जरूरत नहीं पड़ेगी, इसके लिए अब विभाग से आदेश जारी होते ही इस पर काम भी शुरू करने की चलने लगी है।

तीन ग्रामीणों के घर से शिकार की सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन विभाग की टीम ने तीन ग्रामीणों के घर से शिकार की सामाग्री सहित वन्यजीव के अवशेष बरामद किया है। पूरी घटना छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पुसाउडेरा का है। जहां वन विभाग को मुखबिर के द्वारा सूचना दी गई कि गांव के तीन लोगों के द्वारा शिकार कर वन्यप्राणियों का व्यापार किया जा रहा है। मुखबिर के द्वारा दी गई सूचना के आधार पर सक्षम अधिकारी द्वारा सर्च वारंट जारी किया गया। फॉरेस्ट मैनुअल के पैरा 6.3.9.6 के प्रावधानों के अनुरूप वन विभाग की टीम द्वारा ग्राम पुसाउडेरा निवासी तेजकुमार पिता बैगाराम, मोहन पिता बिरन व ललित पिता अमरु (तीनों जाति—कोरवा) के आवासों पर विधिवत दबिश दी गई। तलाशी के दौरान ललित पिता अमरु के मकान से जीआई तार, खरगोश फंदा, गुलेल, हुकिंग वायर एवं केबल वायर जप्त किया गया। वहीं तेजकुमार पिता बैगाराम के मकान से क्लच वायर फंदा, सुअर फंदा तथा नर कोटरी सिंग बरामद किया गया। इसी प्रकार श्री हन पिता बिरन के मकान से क्लच वायर फंदा, जीआई तार, जंगली सूअर के जबड़े के दांत, हिरण का सिंग, मोर पंख, बाज पंख एवं सुखा मांस जप्त किया गया। जप्त किए गए समस्त वन्यप्राणी अवशेषों को वन परिक्षेत्र कार्यालय कापू में सुरक्षित रखा गया है। प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करते हुए रिमांड पर भेजा गया है।

नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर शव रख किया चक्काजाम

काम से लौट रही महिला को डंपर ने कुचला, मौके पर हो गई मौत

रायगढ़। जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत काम कर घर लौट रही महिला की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई। इस हादसे से नाराज ग्रामीणों ने मृत महिला के शव को सड़क पर रख कर चक्काजाम कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम पुटकापुरी निवासी सुकांति महंत (35) रोजी मजदूरी का काम करती थी और प्रतिदिन रायगढ़ काम करने के लिए अपने पति के साथ आती थी। गुरुवार को भी वह मजदूरी करने पति के साथ बाइक से आई थी और शाम को काम खत्म होने के बाद दोनों वापस अपने घर लौट रहे थे। रात करीब 7 बजे जब दोनो पटेलपाली के पास पहुंचे थे तभी सामने से आ रहे डंपर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलते हुए इनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे महिला का पति बाइक समेत दूर जा गिरा और सुकांति बीच सडक़ में गिर गई। उसी समय वाहन का पहिया उसके उपर चढ़ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी लगते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और आक्रोश व्यक्त करते हुए शव को सड़क पर रख कर चक्काजाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जूटमिल पुलिस मौके पर पहुंची और गुस्साए लोगों को शांत कराने का प्रयास करती रही, लेकिन ग्रामीण प्रदर्शन पर डटे रहे। लोगों का कहना था कि उक्त मार्ग पीएम सडक़ की है, लेकिन मार्ग पर भारी वाहन फर्राटे से चल रहे हैं। इससे सडक़ तो खराब हो ही रहा है और लोगों की जान भी जा रही है, इस पर रोक लगानी चाहिए। इसके अलावा प्रदर्शनकारी मृतक के परिवार को 30 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग भी कर रहे थे। देर रात काफी समझाईश के बाद मामला शांत होने पर पुलिस ने मृतका के शव को मेडिकल कालेज अस्पताल के मरच्यूरी में रखवाते हुए परिजनों को थाना बुलाकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

शहर में विभिन्न स्थानों पर हो रहे सौंदर्यीकरण के कार्य

लुभा रहा सौंदर्यीकरण, बदल रही शहर की सूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देशन में शहर के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों को सुंदर एवं आकर्षक बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य अब शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनते जा रहे हैं। चक्रपथ, आरओबी व केलो पुल पर किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों ने न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि की है, बल्कि शहर की पहचान को भी एक नया आयाम दिया है।

इन स्थानों पर आकर्षक रंग-रोगन, भित्ति चित्र, स्थानीय संस्कृति और विरासत को दर्शाती कलाकृतियां तथा सुव्यवस्थित लाइटिंग की गई है, जिससे दिन के साथ-साथ रात में भी यह स्थल अत्यंत मनोहारी दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से केलो पुल पर की गई कलाकृतियां और प्रकाश व्यवस्था लोगों को रुककर तस्वीरें लेने के लिए आकर्षित कर रही हैं। चक्रपथ के ऊपर बाउंड्रीवाल कर इसमें भारतीय नृत्य की रंग बिरंगी कलाकृतिया विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। युवा वर्ग के लिए यह आकर्षित सेल्फ़ी प्वाइंट बनी हुई है। इसी तरह निगम कार्यालय से लेकर उसपार गोगा राइस मिल आरओबी क्षेत्र में किए गए विभिन्न रंगों की कला आकृतियां देखते ही बन रही है और रंग बिरंगी नजारा आंखों को सुकून दे रही है। सौंदर्यीकरण कार्य से शहर में यातायात करने वाले नागरिकों को भी एक सुखद अनुभव मिल रहा है।

शहर में और भी होंगे सौंदर्यीकरण के कार्य

नगर कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि आने वाले समय में शहर के अन्य प्रमुख चौराहों, पुलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी इसी तरह के सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे, ताकि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित रूप में विकसित किया जा सके। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन कलाकृतियों एवं सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा एवं शहर की स्वच्छता बनाए रखने में निगम प्रशासन के अभियान में सहयोग करें।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफ़ाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

सर्पदंश से ग्रामीण की गई जान परिजन ने सांप को बनाया था बंधक

अम्बिकापुर। ओड़गी अंतर्गत ग्राम सावारावा निवासी हीरा सिंह आ. देवधारी (32 वर्ष) 12 दिसंबर को खेत में काटे गए धान को लेकर पैदल घर के समीप खलिहान में लेकर आ रहा था। इसी बीच रास्ते में उसके पैर मे जहरीले सांप ने डंस लिया। सांप के डंसने पर शोर मचाने लगा। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सांप को रस्सी में बांध झेलगी में रख दिया। परिजन हीरा सिंह को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने सर्पदंश पीड़ित ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां गत दिन ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। परिजन ने बताया कि बांध कर रखे सांप भी एक दिन बाद किसी तरह रस्सी से छुटकर भाग निकला।

पुलिस व प्रशासन ने जब्त किया सेमर लकड़ी से भरा ट्रक

राजपुर। थाना क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई एवं तस्करी के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत सेमर लकड़ी से लोड एक ट्रक को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई युवा कांग्रेस बलरामपुर के जिलाध्यक्ष बृजेश यादव द्वारा 17 दिसंबर को थाना प्रभारी राजपुर को दी गई लिखित शिकायत के बाद की गई। शिकायत में बृजेश यादव ने उल्लेख किया था कि राजपुर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लकड़ी तस्कर सक्रिय हैं जिनकी संख्या 20 से अधिक बताई जा रही है। ये तस्कर पेड़ों की कटाई करने वाली मशीनों, ट्रकों और क्रेन के माध्यम से पूरे क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर लकड़ी की तस्करी कर रहे हैं। शिकायत के अनुसार राजपुर क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के समीप दो तस्करों द्वारा पेड़ों की कटाई कर ट्रक में लोडिंग की जा रही थी। कटे हुए पेड़ों के अवशेष मौके पर मौजूद पाए गए, जिससे अवैध कटाई की पुष्टि हुई। ट्रक क्रमांक बीआर 02 जीडी 4830 में अवैध रूप से काटी गई लकड़ी लोड की गई थी, मौके पर एक क्रेन भी मौजूद था जिसका चालक कार्रवाई के दौरान फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। फिलहाल जब्त किए गए ट्रक को राजपुर थाना में सुपुर्द कर दिया गया है। इस संबंध में एसडीएम राजपुर देवेंद्र प्रधान ने बताया कि पेड़ कटाई के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निजी भूमि पर भी पेड़ों की कटाई के लिए सक्षम से अनुमति आवश्यक होती है। बिना अनुमति की गई कटाई को अवैध माना जाता है। एसडीएम ने बताया कि तहसीलदार से अवैध पेड़ कटाई के प्रकरण का प्रतिवेदन मंगाया गया है तथा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दो युवकों से मारपीट करने वाले वाले दो नाबालिग सहित सात आरोपी गिरफ्तार

अम्बिकापुर। मणिपुर दर्रीपारा मोहल्ले में तीन दिन पूर्व दो युवकों को किराए के मकान से निकाल कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े युवकों में दो नाबालिग और एक पार्षद पुत्र भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक मंगल पाण्डेय वार्ड खटीक पारा निवासी राहुल सोनवानी आ. पन्नेलाल सोनवानी (22 वर्ष) ने मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 15 दिसंबर की रात वह अम्बेडकर वार्ड दर्रीपारा विकास साहू के यहां लिए अपने किराए के मकान में दोस्तों के साथ था। उसी समय आरोपी पहुचे और किराए के रूम में घुसकर जातिगत गाली गलौज करने लगे। साथ ही आरोपियों ने राहुल व शुभम रवि को जान से मारकर फेंक देने की धमकी देते हुए घर से बाहर निकाल कर पास झाडी मे लें गए एवं हाथ मुक्का व ईट पत्थर, डंडे व चाकू से मारपीट करने लगें। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 118(1), 127(2), 190, 191(2), 191(3), 296, 331(8), 351(3) के तहत तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

जशपुर को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में जशपुर जिला स्वास्थ्य सेवाओं ने ऐतिहासिक परिवर्तन का साक्षी बना है। कभी सीमित संसाधनों और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझने वाला यह जिला आज आधुनिक चिकित्सा ढांचे, सुदृढ़ आपात सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण प्रदेश के अग्रणी जिलों में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से जशपुर की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। पहले जहां दूरस्थ अंचलों के लोगों को सामान्य उपचार और सुरक्षित प्रसव के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं अब जिले में ही उच्च स्तरीय उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

■ ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बदली तस्वीर

कई ऐतिहासिक सौगातें: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए अनेक बड़े निर्णय लिए गए हैं। जशपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए वित्त विभाग से 359 करोड़ रुपए की सैद्धांतिक स्वीकृति मिलना जिले के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है। इसके साथ ही 220 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक अस्पताल के निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपये की मंजूरी ने जिले में उच्च स्तरीय चिकित्सा व्यवस्था की नींव रख दी है।अखिल भारतीय कल्याण आश्रम परिसर में 35 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक चिकित्सालय का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है।

आपातकालीन सेवाओं को नई गति: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में आपात चिकित्सा सेवाओं का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। स्वास्थ्य आपात स्थितियों में त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के लिए जिले को 10 नई 108 संजीवनी एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई हैं। अब जिले में कुल 24 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस जीवनरक्षक सेवा प्रदान कर रही हैं। इसके अलावा 102 महतारी एक्सप्रेस की 18 एंबुलेंस गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाकर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कर रही हैं। प्रत्येक विकासखंड में शव वाहन की उपलब्धता ने कठिन समय में ग्रामीण परिवारों को बड़ी राहत दी है।

ग्रामीण क्षेत्रों को मिला संबल: जिले के स्वास्थ्य ढांचे को जमीनी स्तर पर मजबूत करते हुए कोतबा में 4 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। साथ ही जिले के फरसाबहार तहसील के पेटामारा (अंकिरा) एवं गांझियाडीह, ढुलढुला तहसील के करडेगा एवं सीरिमकेला तथा कुनकुरी तहसील के केराडीह में 5 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना को मंजूरी मिली है,जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ जाएगी। आज जशपुर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में किए गए ये ऐतिहासिक प्रयास जिले को एक मजबूत, सक्षम और आधुनिक स्वास्थ्य मॉडल के रूप में स्थापित कर रहे हैं। यह परिवर्तन केवल अधोसंरचना का नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक है।

तीन दिवसीय क्रीड़ा उत्सव का डीआईजी के हाथों उद्घाटन

द्वितीय वार्षिक पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

राउरकेला जिला पुलिस के तत्वावधान में स्थानीय रिज़र्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में द्धतीय वार्षिक पुलिस खेल प्रतियोगिता 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह तीन दिवसीय खेल महोत्सव का 19 दिसंबर को आगाज हुआ और 21 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें पुलिस जिले की विभिन्न पुलिस इकाइयों के कर्मी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पश्चिमी रेंज, राउरकेला के डीआईजी बृजेश कुमार राय रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर राउरकेला के एसपी नितेश वाधवानी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा सीआईएसएफ के वरिष्ठ कमांडेंट विजय कुमार तथा चौथी ओएसएपी के कमांडेंट प्रमोद जेना भी समारोह में शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। गुजरात के राजकोट में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस हॉकी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश पुलिस को 2-1 से पराजित कर कांस्य पदक जीतने वाली ओडिशा पुलिस महिला हॉकी टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

साथ ही गंजाम में आयोजित राज्य पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंगल्स और डबल्स वर्ग में कुल चार पदक जीतने वाली पश्चिमी रेंज पुलिस बैडमिंटन टीम को भी सम्मान प्रदान किया गया। इस खेल महोत्सव में जिला पुलिस, एपीआर फोर्स, पीएस स्टाफ, डीवीएफ यूनिट, ट्रैफिक पुलिस तथा होमगार्ड बल के लगभग 600 से अधिक पुलिस कर्मी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता में एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाएं 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, 5000 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो और जैवलिन थ्रो का आयोजन किया जा रहा है। ये स्पर्धाएं 40 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्गों में हो रही हैं। इसके अतिरिक्त क्रिकेट, फुटबॉल और वॉलीबॉल जैसे टीम गेम्स भी प्रतियोगिता का प्रमुख आकर्षण हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान डीपीएस बैंड दल द्वारा प्रस्तुत आकर्षक संगीत कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस वार्षिक प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों में शारीरिक फिटनेस बनाए रखना, विभिन्न इकाइयों के बीच समन्वय, टीमवर्क तथा खेल भावना को मजबूत करना है। आयोजन से पुलिस बल में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

सरिया में खुलेगा ओबीसी शासकीय गर्ल्स हॉस्टल

सरिया। वर्षों से लंबित ओबीसी शासकीय गर्ल्स हॉस्टल की मांग अब पूरा होने के आसार दिख रहे हैं। इसके लिए भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के पास ओबीसी गर्ल्स हॉस्टल खुलने से हर्ष व्याप्त है। अब ओबीसी कन्या विद्यार्थियों को राहत मिलेगी।

■ भवन निर्माण कार्य प्रगति, नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

नोडल अधिकारी ने बताया कि 50 सीट वाला यह ओबीसी प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास आने वाले शिक्षा सत्र में प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए कलेक्टर सक्रिय रूप से कार्य को करा रहे हैं। और आज मैं इसके निरीक्षण करने पहुंचा हूं। काम पूर्ण गुणवत्ता के साथ हो रहे हैं तथा युद्ध स्तर पर काम जारी है। आने वाले शैक्षणिक सत्र में सरिया में ओबीसी गर्ल्स हॉस्टल प्रारंभ हो जाएगा। बता दे कि नगर में कई वर्षों से हॉस्टल का निर्माण यहां हुआ है, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह खंडहर में तब्दील हो रहा था। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों के मांग पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया। जहां कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ संजय कन्नौजे ने इसे शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अब सरिया में ओबीसी शासकीय गर्ल्स हॉस्टल का संचालन होगा। समग्र शिक्षा नोडल अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ नरेश चौहान ने बताया कि यह हॉस्टल अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के छात्राओं की आवास संबंधी जरूरत को दूर करते हुए समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रति सरकार के प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। यह पहल न केवल बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरी करती है। बल्कि सीखने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की भी लक्ष्य रखती है। जिससे यह सुनिश्चित हो कि ओबीसी के छात्राओं को बिना किसी बाधा के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। यह हॉस्टल अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के छात्राओं के लिए विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्र से आने वालों की शिक्षा जारी रखने सुविधा प्रदान करने के लिए मदद बनेगा। 50 सीट की क्षमता वाले छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगति पर होने पर अब लोगों में हर्ष व्याप्त है। पहले हॉस्टल संचालक को लेकर बार बार शासन प्रशासन से गुहार लगाना पड़ता था। अब यह समस्या दूर होने से इसका लाभ ओबीसी के छात्राओं को मिलेगी।

17 करोड़ का सर्किट हाउस बना शोपीस

राउरकेला। मंत्रियों, अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों के ठहरने के उद्देश्य से पानपोष स्थित पुराने सर्किट हाउस के समीप 17 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित नया अत्याधुनिक सर्किट हाउस आज भी उपयोग से बाहर पड़ा है। हैरानी की बात यह है कि निर्माण कार्य पूरा होने के करीब डेढ़ वर्ष बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 15 नवंबर को इसका विधिवत लोकार्पण किया थाए लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद सर्किट हाउस के मुख्य द्वार पर ताला लटका हुआ है।

■ लोकार्पण के एक माह बाद भी बंद पड़ा नया सर्किट हाउस

सूत्रों के अनुसार सर्किट हाउस के कई एक्जीक्यूटिव सुइट्स की चाबियां तक नहीं खुल पा रही हैं। कमरों में रखे बिस्तर टूट चुके हैं, कई स्थानों पर पंखे और गीजर काम नहीं कर रहे। परिसर का घास लॉन और पौधे सूख चुके हैं, जबकि डाइनिंग हॉल और बैठक कक्षों में धूल और कचरा जमा हो गया है। लोकार्पण के बाद इसे शीघ्र कार्यशील बनाने को लेकर न तो ठोस योजना बनी और न ही नियमित रखरखाव की व्यवस्था की गई। विडंबना यह है कि जहां मुख्य सर्किट हाउस बंद है, वहीं पीछे के हिस्से में कुछ राजनीतिक दलों के नेता और उनके सहयोगी रह रहे हैं। इससे प्रशासनिक व्यवस्था और उपयोग को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस संबंध में पानपोष उप जिलाधिकारी विजय कुमार नायक ने बताया कि सर्किट हाउस के रखरखाव का कार्य किसी तृतीय पक्ष एजेंसी को सौंपने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है और जल्द ही इसे पूरी तरह कार्यशील बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में इस परियोजना के लिए पहले चरण में 12 करोड़ 19 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। बाद में लागत बढ़ने पर अतिरिक्त 5 करोड़ रुपये खर्च किए गए। 8 सितंबर 2022 को निर्माण कार्य शुरू हुआ थाए जिसे सितंबर 2023 तक पूरा किया जाना था, लेकिन ठेकेदार की देरी के कारण 30 जून को काम पूरा हो सका। नई सरकार के गठन के बाद जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पण का निर्णय लिया और 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस समारोह के दौरान इसका उद्घाटन किया गया। इसके बावजूद प्रशासनिक उदासीनता और सरकारी उपेक्षा के कारण करोड़ों की लागत से बना नया सर्किट हाउस अब भी बंद पड़ा है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग और व्यवस्था की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आशियाना उजाड़ दिए गए पर नहीं मिला पीएम आवास

राउरकेला। छेंड कॉलोनी विद्युत बस्ती की सुनिता एक्का और उनकी चार बेटियां पिछले 12 वर्षों से इसी बस्ती में रह रही थीं। न पढ़ी लिखी, सीधी सादी आ दि वा सी महिला को यह तक पता नहीं कि आधार कार्ड का महत्व क्या है। बस्ती हटाने से पहले सुनिता और उनके परिवार के आधार कार्ड गुम हो गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के दौरान आधार कार्ड न होने के कारण अधिकारियों ने उन्हें पात्र सूची से बाहर कर दिया। विडंबना यह रही कि उनके पड़ोसियों को प्रधानमंत्री आवास मिल गयाए लेकिन सुनिता को नहीं।

■ पेड़ के नीचे तिरपाल में 12 परिवारों की ज़िंदगी

यह कहानी है श्याम सुंदर कुसमार की, जो पिछले 25 वर्षों से अपने परिवार के साथ विद्युत बस्ती में रह रहे थे। आवश्यक दस्तावेज़ों के अभाव में उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। शुक्र सांडिल 15 वर्षों से, फगु मुंडा अपनी पत्नी के साथ 13 वर्षों से और सुषांत कुमार साहू अपने परिवार के साथ लगभग 10 वर्षों से इसी बस्ती में रह रहे थे। बिजली बिल और आधार कार्ड में त्रुटियों के कारण सुषांत और उनके परिवार को भीयोजना से वंचित कर दिया गया। इस तरह विभिन्न कारणों से 12 से अधिक परिवारों को पात्र सूची से बाहर कर दिया गया। राउरकेला विकास प्राधिकरण आरडी, के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें जो सूची दी गई थी, उसी के आधार पर प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए गए। बस्ती हटाने का विरोध कोई नहीं कर रहा है, लेकिन कड़ाके की ठंड में बिना पुनर्वास के गरीबों के आशियाना तोड़कर जमींदोज कर देना अमानवीय है। पिछले 15 दिनों से ये परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैंकृकोई पेड़ के नीचे तो कोई तिरपाल के सहारे। खुले में चूल्हे जल रहे हैं। किराए का घर लेने के लिए पैसे नहीं हैं, इसलिए बच्चों के साथ तिरपाल के नीचे ही रात काटनी पड़ रही है। प्रधानमंत्री आवास न मिलने का दर्द तो है ही, लेकिन उससे भी अधिक पीड़ा इस बात की है कि मानवीय दृष्टिकोण से किसी ने मदद का हाथ नहीं बढ़ाया। न जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासनिक अधिकारी जैसे किसी के पास इन पीड़ितों के लिए समय ही नहीं है। ठंड से बचाव के लिए न तिरपाल दी गई, न ही गर्म कपड़े। जो जनप्रतिनिधि और नेता कभी एक वोट के लिए इन बस्तियों में हाथ जोड़ते थे, वे अब नज़र नहीं आ रहे। मानो सबने आंखें मूंद ली हों। सुनिता, श्याम सुंदर और सुषांत का कहना है कि उन्होंने नेताओं से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक के चक्कर लगाए, अपनी पीड़ा बताई। यदि दस्तावेज़ों में कोई कमी थी तो उसे सुधारने का रास्ता भी नहीं बताया गया। एक बार भी गंभीरता से नहीं सोचा गया। पीड़ितों का सवाल है सरकार ने कहा था कि उच्छेद से पहले पुनर्वास किया जाएगा, फिर प्रशासन ने इतनी कठोर कार्रवाई क्यों की ठंड और ओस के बीच अब वे जाएं तो जाएं कहां इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग अब ज़ोर पकड़ रही है।

शिक्षक प्रीमियर लीग सीजन-2 का शुभारंभ

कांसाबेल। शिक्षक प्रीमियर लीग सीजन–2 जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ दिनांक 18.12.2025 को मिनी स्टेडियम कांसाबेल, जिला जशपुर में भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल राम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कांसाबेल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में के कुम्भकार, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन संयोजक प्रेम शंकर यादव, अनिल कुमार यादव एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

डीईओ ने अनुपस्थित प्राचार्यों को शो काज नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

85 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के समस्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों, जिनका विगत वर्ष का बोर्ड परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत से कम रहा है, वहां के प्राचार्यों की यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत समीक्षा बैठक संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आयोजित हुई। जिसमें बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के विषयों पर चर्चा हुई।

■ यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी ने शत प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए अध्यापन की रणनीति समझाई

जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठक में नाराजगी जताते हुए कहा कि कुछ स्कूलों के खराब बोर्ड परीक्षा परिणाम की वजह से जिला का समग्र परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहा है। इस वर्ष भी जशपुर जिलों को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने का लक्ष्य है। इसके लिए रणनीति के साथ मिशन मोड पर कार्य करना होगा। कमजोर विद्यार्थियों की प्रोफाइल बनाकर अध्यापन कार्य सुनिश्चित किया जाना है।

पिछले वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी जिले का परीक्षा परिणाम अव्वल रहेगा, यह विश्वास जताते हुए यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने बोर्ड परीक्षा परिणाम, पाठ्यक्रम पूर्णता, बच्चों की नियमित उपस्थिति के साथ बोर्ड परीक्षा के ब्लूप्रिंट के आधार पर विद्यालय अभ्यास कार्य आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की। कोई भी विद्यार्थी फेल न हो और प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो, इस उद्देश्य के साथ शत प्रतिशत परिणाम के लक्ष्य के अनुरूप विद्यालय में अध्यापन और प्रतिदिन तीन विषयो के नब्बे मिनट के कालखंड में ब्लूप्रिंट के आधार पर विभिन्न अंकों के प्रश्नों के उत्तर लिखने पर बात हुई। इस अभ्यास कार्य के साथ ही विद्यार्थियों को गलत उत्तर के प्रश्नों पर आधारित कॉन्सेप्ट्स भी समझाने के विषय पर चर्चा की। प्राचार्य को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि इच्छा शक्ति से हर लक्ष्य को पाना संभव होता है, आप पूरे मन से प्रयास करें तो शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करना बिल्कुल संभव होगा। समीक्षा बैठक में यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा और अवनीश पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

मद्य निषेध दिवस पर नपा अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग जशपुर द्वारा विगत दिवस 18 दिसंबर 2025 को बाबा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर और रजत जयंती महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय मद्य निषेध दिवस समारोह जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद (हिन्दी माध्यम) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। समारोह में सु प्रज्ञा सिंह, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, शरद चौरसिया, डॉ० अबरार खान, मनोचिकित्सक एवं गायत्री परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसी के साथ कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर से उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के लगभग 500 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि अरविंद भगत द्वारा नशे के सेवन से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने की कामना करते हुए सभी उपस्थित जनों को नशे का सेवन नहीं करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। डॉ. अबरार खान, मनोचिकित्सक, शासकीय जिला चिकित्सालय, जशपुर द्वारा नशापान से होने वाली घातक व्याधियों का जिक्र करते हुए शरीर के अंगो पर नशापान का प्रभाव एवं सभी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। सु प्रज्ञा सिंह, सिविल जज द्वारा नशे के दुष्परिणामों एवं इनके कानूनी प्रावधानों के संक्षिप्त व्याख्यान तथा गायत्री परिवार द्वारा स्वयं के रक्षा हेतु आध्यात्मिक ज्ञान से अवगत कराया गया।

न्यायालय तहसीलदार घरघोड़ा
जिला रायगढ़ (छ.ग.)
राजस्व प्रकरण क्र/202512040600032/ब-121/2025-26
ग्राम कुर्मीभौना तहसील घरघोड़ा
जिला रायगढ़ (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार राठिया पिता मालिक राम राठिया जाति कंवर निवासी ग्राम कुर्मीभौना पो.आ. पोरडा तह. घरघोडा जिला रायगढ़ छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, चालान, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत कर अपनी दादी माँ स्व. सुकवारो राठिया पति शोभाराम राठिया की मृत्यु दिनांक 30.03.2005 को ग्राम कुर्मीभौना में होने के कारण मृत्यु पंजीयन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 01.01.2026 को नियत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17.12.2025 को हस्ताक्षरित एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
घरघोड़ा
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

डकैत का टीजर रिलीज, अनुराग का दिखा दमदार अंदाज

मुंबई। मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष स्टारर मच अवेटेड 'डकैत' का टीजर गुरुवार रिलीज हो गया है। अभी ये टीजर सिर्फ 'तेलुगु'में रिलीज किया गया है। यानी हिंदी दर्शकों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। 1 मिनट 31 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत आदिवी शेष से होती है। टीजर में पहले लव स्टोरी देखने को मिलती है, जो धीरे-धीरे एक्शन पर पहुंच जाती है। टीजर में आदिवी शेष लवर बॉय से लेकर एक्शन हीरो तक के अवतार में दिखते हैं। इसके अलावा टीजर में फिल्म की बाकी कास्ट अनुराग कश्यप, प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी की भी झलक दिखती है। टीजर का अंत अनुराग कश्यप पर होता है, जो फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे।

लाइफ Style

श्रीलीला

फर्जी एआई फोटोज पर जताई दुख और चिंता

साउथ सिनेमा की बेहद खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस श्रीलीला अपने फर्जी और अश्लील एआई तस्वीरों से परेशान हैं। वह घटिया तस्वीरों के सोशल मीडिया पर वायरल होने से बेहद दुखी हैं और उन्होंने एक चिंता जताने वाला पोस्ट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक्ट्रेस ने यह भी जानकारी दी है कि उन्होंने इस बाबत पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेलेब्स के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बीते में रश्मिका मंदाना से लेकर कीर्ति सुरेश तक, अपने डीपफेक अश्लील फोटो, वीडियो को लेकर परेशान रही हैं। अब 'गुंटूर करम' और 'पुष्पा 2' फेम श्रीलाला के इस पोस्ट को देख उनके फैंस भी चिंता में डूब गए हैं। अमेरिका के एक तेलुगू परिवार में पैदा हुईं 24 साल की श्रीलाला ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा चौड़ा नोट शेयर किया है। वह बताती हैं कि एआई से बनी उनकी तस्वीरों ने उन्हें कितना परेशान और दुखी किया है। एमबीबीएस की पढ़ाई कर चुकी श्रीलीला ने लिखा है कि जैसे ही उन्हें इस मामले के बारे में पता चला, उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। श्रीलीला ने अपने नोट में फैंस और फॉलोअर्स से एआी को सपोर्ट न करने की रिक्वेस्ट की है। वह लिखती हैं, 'मैं हाथ जोड़कर हर सोशल मीडिया यूजर से रिक्वेस्ट करती हूं कि एआई से बनी बकवास को सपोर्ट न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने और उसका गलत इस्तेमाल करने में फर्क होता है। मेरी राय में टेक्नोलॉजी में तरक्की जिंदगी को आसान बनाने के लिए होती है, न कि उसे मुश्किल बनाने के लिए।'

हॉलीवुड मसाला

पेरिस से निकलकर पहुंची रोम

मुंबई। भारत में नेटफ्लिक्स पर सीरीज 'एमिली इन पेरिस' का पांचवा सीजन रिलीज हो गया है। इस बार एमिली कूपर की जिंदगी पहले से कहीं ज्यादा उलझ चुकी है। प्यार, कॅरियर और पहचान की तलाश- इन सबके बीच एमिली का सफर अब सिर्फ पेरिस तक सीमित नहीं रहा। इस नए सीजन में एमिली कूपर की कहानी एक नए मोड़ पर पहुंचती है। पेरिस की ग्लैमरस दुनिया से निकलकर वह रोम पहुंचती है, जहां उसे एजेंस ग्रातो के रोम ऑफिस में एक अहम जिम्मेदारी सौंपी जाती है।

देओल परिवार ने हेमा को कर दिया साइडलाइन

मुंबई। धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में हेमा मालिनी क्यों नहीं गई थीं? इस सवाल का कॉलमनिस्ट और राइटर शोभा डे ने जवाब दिया है। उन्होंने हाल ही में दिए इंटरव्यू में यह दावा किया है कि दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र की मौत के बाद उनके परिवार ने हेमा मालिनी को पूरी तरह से किनारे कर दिया था, इसलिए वह धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में नहीं गई थीं। एक इंटरव्यू में शोभा डे ने दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र के दोनों परिवार के रिश्तों पर बात की। उन्होंने कहा, 'देओल परिवार ने हेमा को पूरी तरह अलग-थलग कर दिया, उन्होंने उन्हें उनसे दूर कर दिया, जिसके साथ उन्होंने अपनी जिंदगी के 45 साल बिताए थे। उन्हें बहुत दुख हुआ होगा, लेकिन उन्होंने यह सब अपने अंदर रखा। उन्होंने जिस तरह से संभाला और जब उन्होंने कोई पब्लिक फंक्शन किया, तो मुझे लगा कि उन्होंने इसे बहुत गरिमा के साथ किया।

कार्तिक-अनन्या की जमी जोड़ी...

मुंबई। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर अंततः गुरुवार को रिलीज हो गया है। फिल्म की रिलीज से सिर्फ एक हफ्ते पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर की शुरुआत कार्तिक के साथ होती है, जिसमें वो कहते हैं कि बीते कल और आने वाले भविष्य की छोड़कर सिर्फ वर्तमान में जीना चाहिए। जो मौजूदा वक्त में आपके पास है, उस पल का आनंद लो। इसके बाद ट्रेलर में अनन्या की एंट्री होती है, जो फिल्म में एक लेखक बनी हैं। 3 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में कुछ भी नया देखने को नहीं मिलता है। कार्तिक लड़की को इंप्रेस करने के लिए क्रीपी पंच लाइन मारते हैं। ट्रेलर में विदेशों की अच्छी-अच्छी लोकेशन जरूर भाती हैं। बाकी सबकुछ आपको पहले की फिल्मों में देखा हुआ लगेगा।

अवतार : फायर एंड ऐश में शानदार विजुअल्स...

मुंबई। 'अवतारः फायर एंड ऐश' जेम्स कैमरून की अवतार सीरीज तीसरी फिल्म है, इससे पहले 'अवतार' (2009) और 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' (2022) को ऑडियंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उम्मीदें थीं, क्योंकि अवतार का नाम आते ही बड़ी फिल्म, नई दुनिया और शानदार तकनीक का ख्याल आता है। फिल्म का स्केल बहुत बड़ा है और यह देखने में भी काफी महंगी और भव्य लगती है। लेकिन, पूरी फिल्म देखने के बाद ऐसा लगता है कि तकनीक और विजुअल्स के अलावा बाकी चीजों पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। फिल्म का स्क्रीनप्ले काफी फैला हुआ है। कई सीन ऐसे हैं जिनसे कहानी में कोई खास फर्क नहीं पड़ता। कुछ जगह फिल्म बहुत धीमी लगती है ...कुछ जगह अचानक तेज हो जाती है। अगर फिल्म को छोटा किया जाता और गैर-जरूरी सीन हटा दिए जाते, तो शायद कहानी अच्छी बन सकती थी।

टीवी मसाला

अनुपमा को लगा झटका, नंबर एक पर बिग बॉस ने बनाई जगह

नई दिल्ली। हर हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते के टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी गई है। ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने 18 दिसंबर को टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में बड़ा बदलाव हुआ है। पिछले काफी हफ्तों से नंबर 1 पर रहा अनुपमा इस हफ्ते नंबर 2 पर आ गया है। पहले नंबर बिग बॉस ने जगह बना ली है। अनुपमा और बाकी सीरियल्स को पछाड़ कर बिग बॉस ने नंबर 1 पर जगह बनाई है। बिग बॉस की टीआरपी 2.2 रिकॉर्ड की गई है। बता दें, हाल ही में बिग बॉस 19 का फिनाले हुआ था और गौरव खन्ना इस सीजन के विनर हैं। पिछले कई हफ्तों से नंबर 1 पर रहने वाला अनुपमा इस हफ्ते नंबर दो पर आ गया है। अनुपमा की टीआरपी 2.1 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते भी शो की टीआरपी 2.1 थी। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2: लिस्ट में तीसरे नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 है। शो की टीआरपी 2 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 थी। लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंटः लिस्ट में चौथे नंबर पर कलर्स का रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड है। शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गई है। तुम से तुम तकः लिस्ट में 5वें नंबर पर शो तुम से तुम तक है। पिछले हफ्ते भी ये शो नंबर पांच पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में छठे नंबर पर उड़ने की आशा-सपनों का सफर है। शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 7वें नंबर पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 8वें नंबर पर गंगा मां की बेटियां है। शो की टीआरपी 1.8 है। 9वें नंबर पर शो वसुधा है। वसुधा की टीआरपी1.8 रिकॉर्ड की गई है। 10वें नंबर पर शो ये रिश्ता क्या कहलाता है। शो की टीआरपी 1.7 रिकॉर्ड की गई है।

पायल गेमिंग के सपोर्ट में आईं अंजलि

नई दिल्ली। इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर पायल गेमिंग इन दिनों कथित एमएमएस के चलते सुर्खियों में हैं। बताया जाता है कि वायरल एमएमएस वीडियो में पायल गेमिंग हैं। हालांकि, उन्होंने दावा किया है कि यह एमएमएस उनका नहीं है। इस मामले पर अब एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा की प्रतिक्रिया सामने आई है। अंजलि अरोड़ा ने अपने साथ हुए इसी तरह के एक मामले को याद किया है। उनके मुताबिक ऐसे झूठ का दर्द लड़कियां वर्षों तक झेलती हैं, जबकि इसे फैलाने वाले इसके बारे में नहीं सोचते हैं। पायल गेमिंग के मामले को लेकर अंजलि अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। उन्होंने लिखा 'तीन साल पहले मैंने एक फेक एमएमएस वायरल होने का दर्द झेला था। वही चीजें आज पायल के साथ होता देख वह दर्द ताजा हो गया है। लोगों को एहसास नहीं कि उनकी प्रतिक्रिया कितनी नुकसान पहुंचाती है।

2026 में आने वाली इन फिल्मों का बजट है भारी भरकम....

नई दिल्ली। साल 2026 हिंदी सिनेमा के लिए खास होने वाला है। कई बड़े बजट की फिल्में थिएटर पर दस्तक देने के लिए तैयार हैं। रणबीर कपूर, सनी देओल, शाहरुख खान, सलमान खान अपनी फिल्मों से धमाका करने वाले हैं। फिल्मों का क्लैश होने वाला है। लेकिन, क्या आप जानते हैं अगले साल आने वाली इन बड़ी फिल्मों का बजट क्या है? इन फिल्मों का बजट जानने के बाद आपका सिर चकरा जाएगा। ऐसे में सवाल ये है कि करोड़ों की ये फिल्में बॉक्स ऑफिस कमाई से अपना बजट निकाल पाएंगी या नहीं।

बॉर्डर 2 : सनी देओल अपनी फिल्म बॉर्डर का दूसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। हाल में फिल्म का टीजर सामने आया था जिसमें वरुण धवन, अहान पांडे और दिलजीत दोसांझ जैसे एक्टर्स को दुश्मनों से जंग लड़ते देखा जा सकता है। फिल्म 23 जनवरी को रिलीज हो रही है। इस फिल्म को 150 करोड़ के मोटे बजट में बनाया गया है। उम्मीद है ये फिल्म अपना बजट वसूलने में कामयाब होगी।

लव एंड वॉर : विक्की कौशल, आलिया भट्ट, और रणबीर कपूर की फिल्म लव एंड वॉर भी खबरों में बनी हुई है। ये लव ट्रायंगल बेस्ड फिल्म संजय लीला भंसाली ने डायरेक्ट की है। रिपोर्ट के मुताबिक ये फिल्म 14 अगस्त 2026 को रिलीज होगी। इसे 200 करोड़ के बजट में बनाया जा रहा है।

किंग : शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ एक एक्शन फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। किंग की स्टारकास्ट हैरान करने वाली है। फिल्म में रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, अरशद वारसी, बॉबी देओल समेत कई बड़े एक्टर्स नजर आने वाले हैं। सुहाना खान अहम किरदार में होंगी। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म

को 300 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनाया जा रहा है। अगले साल दिवाली के मौके पर फिल्म दस्तक दे सकती है।

रामायण : रणबीर कपूर, साई पल्लवी स्टारर फिल्म रामायण अभी तक की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दोनों पार्ट्स पर 1600 करोड़ खर्च हो रहे हैं। लेकिन प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने कन्फर्म किया है कि रामायण के दोनों भागों पर 4000 करोड़ खर्च हो रहे हैं। मलतब ये फिल्म हॉलीवुड से भी महंगी फिल्म होने वाली है।

धुरंधर 2 : धुरंधर का पहला भाग इस समय बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर रहा है। फिल्म करीब 500 करोड़ तक पहुंच गई है। अब दूसरे पार्ट का इंतजार हो रहा है। रिपोर्ट की मानें तो धुरंधर का दूसरा भाग 200 से 250 करोड़ तक के बजट में बनाया गया है।

2025 में किसी मूवी ने आहत की धार्मिक भावना तो किसी की रिलीज पर लगी रोक

नई दिल्ली। साल 2025 खत्म होने की कगार पर पहुंच चुका है। इस वर्ष कुछ फिल्में कहानी को लेकर तो कुछ इतिहास से छेड़छाड़ या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपों को लेकर विवादों में रही हैं। कुछ फिल्मों पर तो कई एफआईआर भी दर्ज हुई हैं। आज हम आपको साल 2025 की विवादों में रहने वाली 10 फिल्मों के नाम बताते हैं।

इमरजेंसी : कंगना रनौत निर्देशित और अभिनीत फिल्म 'इमरजेंसी' 17 जनवरी को रिलीज हुई। साल 1975 की इमरजेंसी पर आधारित फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में थीं। रिलीज से पहले ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगे। सिख संगठनों सहित कई संगठनों ने विरोध किया। फिर भी फिल्म रिलीज हुई, कंगना के अभिनय की तारीफ हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में सफल नहीं रही।

छावा : विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में आई। छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता पर आधारित यह फिल्म ट्रेलर रिलीज से ही विवादों में घिर गई थी। एक गाने में संभाजी का डांस करना और ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगे। महाराष्ट्र के मंत्रियों और संगठनों ने विरोध किया। मेकर्स ने विवादित डांस सीक्वेंस हटा दिया, लेकिन बहस जारी रही।

जाट: सनी देओल और रणदीप हुड्डा की एक्शन फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को रिलीज हुई। एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय नाराज हुआ, जिसमें धार्मिक भावनाएं आहत करने का

आरोप भी लगा। फिल्म के सीन को लेकर शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

फुले : प्रतीक गांधी और पत्रलेखा स्टारर 'फुले' 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। नाराज ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया, रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए।

हरि हर वीरा मल्लू : पवन कल्याण की 'हरि हर वीरा मल्लू' में मुदिराज समुदाय ने किरदार को लोक नायक से मिलता-जुलता बताकर विरोध जताया। फिल्म काल्पनिक बताई गई, लेकिन बहुजन ग्रुप्स ने ऐतिहासिक विरासत से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। फिल्म 24 जुलाई को सिनेमाघरों में उतरी।

'मेरा मन तेरा प्यासा' को भी हॉलीवुड फिल्म में मिल चुकी है जगह

जब हॉलीवुड फिल्मों में यूज हुए बॉलीवुड के गाने, वो भी हो गए थे दीवाने

मेरा जूता है जापानी (डेडपूल 2026) : पॉपुलर हॉलीवुड फिल्म डेडपूल फरवरी 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में श्री 420 के पॉपुलर गाने को जगह मिली। यह गाना मेरा जूता है जापानी है। यह गाना हॉलीवुड फिल्म में था, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया।

छइयां-छइयां (इनसाइड मैन 2005) : शाहरुख खान का गाना छइयां-छइयां भला किसे नहीं याद होगा या फिर पसंद होगा। यह गाना ब्लॉकबस्टर हिट रहा है और अभी तक कई रील्स में सुनने को मिल जाता है। इस गाने का भी इस्तेमाल हॉलीवुड में किया गया है। इसे साल 2005 में आई इनसाइड मैन फिल्म में फीचर किया गया था।

छम्मा-छम्मा (मौलिन रूज 2001) : छम्मा-छम्मा भी बॉलीवुड का ऐसा गाना है, जिसे आज तक फैंस पसंद करते हैं और गुनगुनाते रहते हैं। यह गाना चाइना गेट मूवी का है। इसे हॉलीवुड की फिल्म मौलिन रूज में इस्तेमाल किया गया। यह फिल्म साल 2001 में रिलीज हुई थी।

मेरा मन तेरा प्यासा, वादा न तोड़ (इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड 2004) : मोहम्मद रफी के गाने किसे नहीं पसंद होते हैं। उनके गाने मेरा मन तेरा प्यासा को भी हॉलीवुड फिल्म में जगह मिल चुकी है। यह गाना साल 2004 में रिलीज हुई इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड में बजता हुआ सुनाई दे चुका है।

बॉम्बे थीम (लॉर्ड ऑफ वॉर 2005) : बॉम्बे फिल्म के थीम सॉन्ग को एआर रहमान ने तैयार किया है। इसकी धुन का इस्तेमाल 2005 में आई लॉर्ड ऑफ वॉर में किया जा चुका है।

नई दिल्ली। अभी तक बॉलीवुड पर यही आरोप लगते रहे हैं कि उसने कभी म्यूजिक हॉलीवुड से कॉपी की तो किसी और इंडस्ट्री से। लेकिन क्या आपको पता है कि कई हॉलीवुड फिल्में ऐसी हैं, जिसमें बॉलीवुड के गानों का इस्तेमाल किया गया है।





लहरों की तरह यादें (शॉन ऑफ द डेड 2004) : किशोर कुमार के गाने लहरों की तरह यादें किसे याद नहीं होगा। यह गाना भी बॉलीवुड इंडस्ट्री में काफी हिट रहा था। इस गाने को साल 2004 में ही आई हॉलीवुड फिल्म शॉन ऑफ द डेड में जगह मिली थी।

मुंडियां तू बच के रही (द डिक्टेटर 2011) : *इस लिस्ट में एक पंजाबी गाना भी शामिल है। यह गाना मुंडियां तू बच के रही है, जिसे पॉपुलर हॉलीवुड मूवी द डिक्टेटर में जगह मिली थी। यह फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई थी।*

जान पहचान (घोस्ट वर्ल्ड 2001) : *पॉपुलर हिंदी सॉन्ग जान पहचान को भी हॉलीवुड मूवी में फीचर किया गया है। साल 2011 में रिलीज हुई हॉलीवुड मूवी घोस्ट वर्ल्ड के ओपनिंग सीन में जान पहचान सॉन्ग था।*

छलका छलका रे (एक्सिडेंटल हस्बेंड 2008) : *साथिया बॉलीवुड इंडस्ट्री की शानदार फिल्मों में एक है। इसमें रानी मुखर्जी और विवेक ओबरॉय ने अपनी एक्टिंग से फैंस का दिल जीत लिया था। इसी में एक गाना था छलका छलका रे, इस गाने को साल 2008 में आई हॉलीवुड फिल्म एक्सीडेंटल हस्बेंड में फीचर किया गया था।*

खबर संक्षेप

निर्माणाधीन बैराजों की प्रगति का लिया जायजा

सुंदरगढ़। विकास आयुक्त श्रीमती अनु गर्ग के दो दिवसीय सुंदरगढ़ दौरे के दूसरे दिन उन्होंने जल संसाधन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।
इस दौरान उन्होंने राउरकेला के हमीरपुर तथा सुंदरगढ़ के कुडाबगा और कोपसिंह में निर्माणाधीन बैराजों का जायजा लिया और परियोजनाओं की प्रगति पर संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त की।
श्रीमती गर्ग ने परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्धारित समय.सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. शुभंकर महापात्र, महानदी बेसिन, बुर्ला के मुख्य अभियंता सुशील कुमार बेहेरा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता ज्योतिर्मय बेहेरा, ब्राह्मणी बेसिन के मुख्य अभियंता हृदानंद मल्लिक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता भगवान दास, अधीक्षण अभियंता श्रीमती मैत्रेयी परिड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गृह व शहरी विकास सचिव उषा पाढ़ी का जिला भ्रमण

सुंदरगढ़। गृह एवं शहरी विकास विभाग की प्रमुख सचिव और जिला नोडल अधिकारी श्रीमती उषा पाढ़ी दो दिवसीय सुंदरगढ़ भ्रमण पर जिले में पहुंचीं। उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और हितधारकों से संवाद किया। स्थानीय सद्भावना भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों की नियमित निगरानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास परियोजनाओं की समीक्षा करने तथा आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी सूरज पटनायक, मुख्य विकास अधिकारी सुरंजन साहू, सदर उपजिलाधिकारी तेजस्विनी बेहेरा समेत सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। श्रीमती पाढ़ी ने लाठीकटा और कुआंरमुंडा प्रखंड का दौरा कर ग्रामीण औद्योगिक पार्क, टाइंसर हाई स्कूल व स्वयं सहायता समूहों का निरीक्षण किया।

दशहरा मैदान में आज होगा हिन्दू महासम्मेलन

धरमजयगढ़। धर्म की नगरी धरमजयगढ़ शनिवार को होने जा रहे हिन्दू महासम्मेलन की साक्षी बनेगी। सुबह 11 बजे गायत्री मंदिर प्रांगण से भव्य पुराण एवं कलश शोभायात्रा सह रैली निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुँचेगी। वहाँ आयोजन समिति द्वारा पधारे हुए सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधियों का ससम्मान स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ सभा का शुभारंभ होगा, जिसमें प्रसिद्ध संत, परम पूज्य महंत त्रिवेणीदास महाराज एवं संजय गौतम जीके पावन आशीर्वचन प्राप्त होंगे। साथ ही बाहर से पधारे हुए अन्य अतिथि वक्ताओं द्वारा भी हिंदू समाज को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके पश्चात सामूहिक रूप से माँ भारती की आरतीए शांति पाठ संपन्न होगा तथा कार्यक्रम का विधिवत समापन किया जाएगा। अंत में सभी के लिए भोजन प्रसाद वितरण की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई है वही समिति नें सभी सनातनी बंधु भगिनियों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस हिंदू महा सम्मेलन की गरिमा बढ़ाते हुए आयोजन को सफल बनाए।

कलेक्टर ने अग्नि चौहान को दी ट्राईसाइकिल

सारंगढ़। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा और उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी की उपस्थिति में दिव्यांग अग्नि चौहान को ट्रायसायकिल प्रदान किया। बरमकेला ब्लॉक के ग्राम डोगरीपाली में सप्ताह भर पहले आयोजित रात्रिकालीन चौपाल के दौरान कलेक्टर के समक्ष आवेदन देने वाली दिव्यांग अग्नि चौहान को समाज कल्याण विभाग की योजना से ट्राईसाइकिल प्रदान की गई। अग्नि चौहान बचपन से ही दिव्यांग हैं। उन्होंने रात्रिकालीन चौपाल में कलेक्टर को आवेदन देकर आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों से अवगत कराया था।

मोर गांव मोर पानी से बदलेगी गांवों की तस्वीर

डबरी निर्माण से सिंचाई व्यवस्था होगी मजबूत, किसानों को वर्ष भर मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिला आज जल संरक्षण और ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में एक नई मिसाल कायम कर रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत डबरी निर्माण को राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी मोर गाँव मोर पानी महा अभियान से जोड़ते हुए जिला प्रशासन ने ग्रामीण जीवन को स्थायी मजबूती देने का संकल्प लिया है।

यह पहल केवल वर्षा जल को सहेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण की ठोस नींव भी रख रही है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में शुरू इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण क्षेत्रों को राहत देना और आजीविका के दीर्घकालिक अवसर उपलब्ध कराना है। जल संरक्षण के ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य की आधारशिला साबित होंगे। मनरेगा अंतर्गत डबरी निर्माण से रायगढ़ जिले के किसानों को वर्ष भर सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। इससे खरीफ के साथ साथ रबी और जायद फसलों की खेती संभव हो सकेगी, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। डबरियों में मछली पालन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देकर ग्रामीणों के लिए आय के अतिरिक्त और स्थायी स्रोत विकसित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार, जिले में 500 से अधिक डबरियों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन कार्यों से एक ओर हजारों ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा, वहीं दूसरी ओर आर्थिक स्वावलंबन को भी मजबूती मिलेगी। यह पहल ग्रामीण युवाओं के पलायन को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
मोर गाँव मोर पानी महा अभियान वर्षा जल संवर्धन, भूजल संरक्षण और ग्रे वाटर प्रबंधन पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत चेक डेम, फार्म पॉन्ड, कंटूर ट्रेंच, परकॉलेशन टैंक, सोक पिट, वृक्षारोपण जैसे विविध कार्य किए जा रहे हैं। रायगढ़ जिले में इसे एक जन आंदोलन का रूप देने के लिए ग्राम सभाओं, जल शपथ कार्यक्रमों, रैलियों और दीवार लेखन के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।
स्व सहायता समूहों और बिहान योजना की दीदियों को इस अभियान से जोड़कर जल संरक्षण के साथ साथ आजीविका गतिविधियों को भी सशक्त किया जा रहा है। साथ ही, जीआईएस तकनीक के माध्यम से योजना की पारदर्शिता, भूजल स्तर की निगरानी और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है। राज्य स्तरीय सशक्त समिति द्वारा भी इस अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है, जिससे रायगढ़ को जल संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जून 2025 से शुरू हुआ यह महा अभियान अब पूरे राज्य में जन सहभागिता का प्रतीक बन रहा है। इसके सफल क्रियान्वयन से न केवल मृदा स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि हरित गांवों, समृद्ध किसानों और खुशहाल परिवारों की नई तस्वीर उभरकर सामने आएगी। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे ग्राम पंचायतों के माध्यम से आवेदन कर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दें।

सरकारी स्कूल के जर्जर भवन में पढ़ाई, खतरे में बच्चों की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

राज्य सरकार भले ही स्कूली शिक्षा सुधारने का दावा कर रही हो लेकिन सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरिया तहसील के ग्राम अमूर्रा में सरकारी स्कूल आज भी जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। यहां पढ़ने वाले बच्चे हर समय हादसे की भय से जूझ रहे हैं।

■ शिक्षा का मंदिर जर्जर, भय के साये में नौनीहाल

विकासखंड बरमकेला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय मिडिल स्कूल अमूर्रा 4 साल से जर्जर भवन की समस्या से जूझ रहा है। प्राथमिक शाला में तो ताला लगा दिया गया है, लेकिन मजबूरी के कारण यहां के जर्जर मिडिल स्कूल में टू इन वन के माध्यम से स्कूल का संचालन किया जा रहा है। सुबह के 8 बजे से 11 बजे तक प्राथमिक शाला लगती है। तो दूसरी पाली में 12 से 4 बजे तक मीडि स्कूल की कक्षा संचालित होता है। प्राथमिक शाला में बच्चों की दर्ज संख्या 72 है तो मिडिल स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या 52 है। ऐसी स्थिति में जर्जर भवन में स्कूल संचालक होने से जहां छात्र छात्राओं में भय समाया हुआ है। वहां पालकों में भी तीव्र आक्रोश व्याप्त है। छत्तीसगढ़ में कलेक्टरों को जर्जर स्कूलों का निरीक्षण कर मरम्मत करने के आदेश दिए गए हैं। लेकिन यह प्रक्रिया धीमी है। जिसके कारण 4 साल से नौनीहालों की जिंदगी खतरे में पड़ी हुई है। नई बिल्डिंग की मांग ग्रामीण लगातार कर रहे हैं। लेकिन अधिकारी इसे पूरा नहीं कर रहे हैं। सरकारी स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार की सख्त जरूरत है। ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर माहौल मिल सके। लेकिन इस ओर प्रशासन बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। यहाँ जर्जर मिडिल स्कूल में टू इन वन पद्धति के अनुसार स्कूल का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण इसे अधिकारियों की उदासीनता मान रहे हैं। कई बार जानकारी देने के बाद ही समस्या का समाधान नहीं होना विभागीय अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्राम अमूर्रा के शाला विकास समिति के अध्यक्ष दया सागर साहू ने कहा कि कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया है। लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीण और अभिभावकों का कहना है कि वह कई बार प्रशासन और शिक्षा विभाग को इस गंभीर समस्या के बारे में सूचित कर चुके हहैं। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में दी जाने वाली सुविधाओं के बावजूद सरिया के ग्राम अमूर्रा में प्राथमिक और मिडिल स्कूल के छात्र.छात्राओं को जर्जर स्कूल में बैठना पड़ रहा है। जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

> ग्राम अमूर्रा में प्राथमिक एवं मीडिल भवन जर्जर है। इस संबंध में कई बार स्कूल से प्रस्ताव भी आया है। हम लोग के द्वारा प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जैसे ही नवीन भवन के लिए राशि स्वीकृत होगा। भवन निर्माण होगा।
>
> **नरेंद्र कुमार जांगड़े, बीईओ बरमकेला**

बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

सरिया। बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर सरिया में चार दिवसीय शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें आज शुक्रवार को समग्र शिक्षा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नोडल अधिकारी नरेश कुमार चौहान प्रशिक्षण का निरीक्षण कर कहा कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के विकासखंड बरमकेला में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान एफएलएन पर 3 जोन में बांटा गया है।

जिसमें सरिया लुकापारा को एक जोन है और यहां चार दिवसीय शिक्षकों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरो के द्वारा दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण 14 संकुल के 40 स्कूलों के 73 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। समग्र शिक्षा के नोडल अधिकारी नरेश कुमार चौहान ने कहा कि एफएलएन का मुख्य उद्देश्य मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान का बेहतर करना है। जिससे की 3 वर्ष से 9 वर्ष के सभी बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि इस उम्र के बच्चों में जानने की क्षमता बहुत ज्यादा होता है। नोडल अधिकारी नरेश चौहान ने आगे बताया कि एफएलएन इसीलिए जरूरी है क्योंकि इस मिशन के अंतर्गत बच्चों को स्कूल छोड़ने में कमी आएगी। वे जल्दी पढ़ना और लिखना सीख जाएंगे और बच्चों में पढ़ने के साथ.साथ खेल और अन्य कौशल का विकास होगा। प्रशिक्षण के तीसरे दिवस शासकीय हायर स्कूल लुकापारा में मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत गाकर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी नरेश कुमार चौहान ने कहा कि आने वाले दिनों में इसका लाभ मिलेगा और बच्चों का समग्र विकास होगा। इस मौके पर परमेश्वरी भोए, मास्टर ट्रेनर कहा कि बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान एफ एल एन यहां चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें कक्षा तीन तक पढ़ना लिखना और बुनियादी गणित में कुशल बनने के लिए तैयार करना है। इसके तहत कहानी एखेल और अन्य गतिविधि के साथ नई रणनीतियों का उपयोग करके बच्चों को सीखने पर जोर दिया जाता है। ताकि एक मजबूत शैक्षिक आधार बन सके। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षक रमेश मालाकार ने कहा कि एफएलएन के तहत बच्चों को मौखिक अभिव्यक्ति समक्ष के साथ पढना और लिखना तथा गणितीय अवधारणा की समग्र विकास विकसित करने में मदद करना है। ताकि छात्रों के लिए उच्च कक्षाओं और भविष्य के करियर के लिए एक मजबूत नींव तैयार करना है। उन्होंने कहा कि शब्दावली निर्माण, कहानी सुनाना, खेल आधारित शिक्षा और समूह गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा शामिल हैं। इसके माध्यम से शिक्षक बच्चों को खुलकर बोलने, प्रश्न पूछने और सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

ब्लॉक लेवल स्पीच थेरेपी कैंप में मिली ट्रेनिंग

सुंदरगढ़। लेफ्रीपड़ा ब्लॉक समूह साधन केंद्र परिसर में आयोजित इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक लाकड़ा उपस्थित रहे। उन्होंने दिव्यांग बच्चों की भाषा, वाणी और संप्रेषण क्षमता के विकास में ऐसे प्रशिक्षण शिविरों की आवश्यकता और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसे समावेशी शिक्षा की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। शिविर में प्रशिक्षक के रूप में जलंधर घोष ने बच्चों में भाषा विकास, वाणी सुधार एवं संप्रेषण कौशल से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन समूह संसाधन शिक्षिका कुमुदिनी कीरो के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। इस शिविर में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र छात्राओं के अभिभावकों ने भाग लिया। उन्होंने अपने बच्चों की समस्याओं, उनके समाधान तथा घर पर अपनाई जाने वाली आवश्यक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों से दिव्यांग बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के साथ साथ उनके जीवन कौशल में भी सकारात्मक सुधार होगा।

जिंदल फाउंडेशन ने शुरू किया 12 एकड़ में फैले गंगासागर तालाब का गहरीकरण

रायगढ़। ग्राम बरमुडा स्थित गंगासागर तालाब के जीर्णोद्धार का बीड़ा जिंदल फाउंडेशन ने उठा लिया है। 12 एकड़ के क्षेत्रफल में फैले इस विशाल तालाब के गहरीकरण के कार्य की शुरूआत जिंदल फाउंडेशन की टीम ने कर दी है। जिंदल स्टील लिमिटेड के अधिकारियों ने वार्ड पार्षद के साथ भूमिपूजन कर शुक्रवार से गहरीकरण के कार्य की शुरूआत की। भू जल स्तर को बनाए रखने तालाबों का संरक्षण और संवर्धन आवश्यक है।

जिंदल फाउंडेशन द्वारा समय समय पर विभिन्न क्षेत्रों में तालाबों के गहरीकरण, सौंदर्यीकरण और संवर्धन के लिए अनेक प्रयास किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में जिंदल फाउंडेशन द्वारा ग्राम बरमुडा स्थित गंगासागर तालाब के गहरीकरण का जिम्मा भी उठा लिया है। क्षेत्र के पार्षद विष्णुचरण पटेल ने भी ग्रामीणों के साथ मिलकर जिंदल स्टील लिमिटेड प्रबंधन के समक्ष इस संबंध में मांग रखी थी। कंपनी प्रबंधन ने इसे सहर्ष स्वीकार करते हुए जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से इस संबंध में स्वीकृति प्रदान कर दी। शुक्रवार को ग्राम बरमुडा के तालाब में गहरीकरण कार्य की विधिवत शुरूआत की गई। इस अवसर पर जिंदल स्टील लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट संजीव चौहान, वार्ड पार्षद विष्णुचरण पटेल, सीएसआर विभाग प्रमुख अपूर्व चौधरी, बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित सीएसआर टीम उपस्थित रही। अतिथियों ने फावड़ा चलाकर गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इससे ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने जिंदल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। गहरीकरण कार्य पूरा होने के बाद तालाब की जल संधारण क्षमता बढ़ जाएगी और क्षेत्र के भूकृजल स्तर की वृद्धि में भी यह सहायक सिद्ध होगा। ग्रामीणों की निस्तारी में भी इससे मदद मिलेगी। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि जल संरक्षण और तालाबों का संवर्धन शुरू से ही जिंदल समूह की प्राथमिकता रही है। बरमुडा के गंगासागर तालाब का इस अंचल में खास महत्व है। यह सौभाग्य की बात है कि इस पवित्र तालाब के गहरीकरण में हमें भी योगदान करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से जिंदल स्टील लिमिटेड समूह बरमुडा सहित आसपास के सभी गांवों और पूरे अंचल के निरंतर विकास में अपना सतत योगदान देने में पूरी प्रतिबद्धता से जुटा हुआ है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी कंपनी इसी तरह अपना योगदान जारी रखेगी। श्री चौहान ने वार्ड पार्षद विष्णुचरण पटेल की भी सराहना करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए पूरी सक्रियता के साथ सतत प्रयासरत रहते हैं।

मिलुपारा और कुंजेमुरा में निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

रायगढ़। अदाणी फाउंडेशन ने स्थानीय महिलाओं और युवतियों को तकनीकी शिक्षा से सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्राम मिलुपारा और कुंजेमुरा में निशुल्क कंप्यूटर एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ना और उन्हें रोजगार के नए अवसरों के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी, टाइपिंग कौशल, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के मूल तत्व, इंटरनेट और ईमेल का उपयोग तथा डिजिटल सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग और महत्व पर भी विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को कंप्यूटर और आई दोनों के प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इस पहल से कुल 50 महिलाएँ और युवतियाँ लाभान्वित होंगी, जिससे वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगी।

एनटीपीसी की हरित ऊर्जा विज़न पर फोकस

रायगढ़। एनटीपीसी ने नई दिल्ली में अपनी 18वीं लेंडर्स मीट का आयोजन किया। इस बैठक में कंपनी के परिचालन एवं वित्तीय प्रदर्शनए ग्रीन इनिशिएटिव, विकास और विविधीकरण योजनाओं, भविष्य की पूंजीगत व्यय योजनाओं तथा फंडिंग आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में भारत और विदेश से अग्रणी बैंकों, वित्तीय संस्थानों और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अपने उद्घाटन संबोधन में गुरदीप सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी ने ऊर्जा विकास के बदलते परिदृश्य और इस परिवर्तनशील वातावरण में एनटीपीसी के समक्ष उपलब्ध अवसरों पर विचार साझा किए। इसके पश्चात जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक वित्त ने एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से एनटीपीसी के एक एकीकृत ऊर्जा समूह के रूप में रूपांतरण को रेखांकित किया। प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला के माध्यम से एनटीपीसी और इसकी समूह कंपनियों ने भारत सरकार के विकसित भारत विज़न के अनुरूप सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। अग्रणी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों मूडीज़, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स, फिच रेटिंग्स और केयर, जकृने देश की सॉवरेन रेटिंग, विद्युत क्षेत्र तथा एनटीपीसी की क्रेडिट प्रोफाइल पर अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें एनटीपीसी प्रबंधन ने प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों और टिप्पणियों का उत्तर दिया। इस अवसर पर एनटीपीसी के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति रही, साथ ही प्रमुख समूह कंपनियों के सीईओ और सीएफओ भी उपस्थित रहे। लेंडर्स मीट ने एनटीपीसी, इसकी समूह कंपनियों, ऋणदाताओं और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के बीच सार्थक संवाद को बढ़ावा दिया।

समावेशी शिक्षा अंतर्गत विकासखंड स्तरीय वातावरण निर्माण एवं गैप

प्रत्येक बच्चों को शिक्षित करना शासन की प्राथमिकता : बेहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत वातावरण निर्माण एवं गैप आइडेंटिफेकशन फार आऊट आफ स्कूल विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बीआरसी भवन में किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय से वंचित बच्चों की पहचान करना, उनके शैक्षिणिक स्तर का मूल्यांकन करना तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना था। बीईओ रत्ना थवाईत के निर्देशन एवं बीआरसी हीरेन्द्र बेहार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने कहा कि समावेशी शिक्षा का मूलभाव यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चा चाहे वह शारीरिक , मानसिक या सामाजिक किसी भी प्रकार की चुनौती से जूझ रहा हो शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे । उन्होंने कहा कि समान अवसर एवं सम्मान के साथ प्रत्येक बच्चों को शिक्षित करना ही शासन की प्राथमिकता है । प्रशिक्षण के दौरान बीआरपी शशिबाला सिंह स्पेशल एजुकेटर मालती पटेल ने समावेशी शिक्षा में शामिल 21 प्रकार की दिव्यांगता उनके लक्षण , शैक्षणिक आवश्यकताये, उपलब्ध सरकारी सुविधाएं और अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गयी। बच्चों को दिव्यांगता के प्रकार, सांकेतिक भाषा व ब्रेल की सामान्य जानकारी दी ।दिव्यांग बच्चों के अधिकारों सहित सामान्य बच्चों को दिव्यांग बच्चों के लिये सहयोग व समर्थन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना व विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सिखाया एवं पढ़ाया गया ।

पालकों एवं अभिभावकों को दिव्यांगता के बारे में जागरूक कर दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधा के बारे में अवगत कराया गया । शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गयी । प्रशिक्षण में 160 बच्चें शामिल थे जिनमें 80 दिव्यांग एवं 80 उनके सहपाठी थे। प्रशिक्षण में 60 पालक एवं अभिभावक भी उपस्थित थे । इस अवसर पर उमेश दुबे, धरमदास मानिकपुरी, उपेंद्र गोस्वामी, माखन राठौर ,अशोक देवांगन, शरद चतुर्वेदी , अर्चना गोस्वामी, राजेश कश्यप सहित अनेक शिक्षकगण, पालकगण उपस्थित थे ।

6 जनवरी को होगा पेंशन अदालत का आयोजन

रायगढ़। डाक विभाग के अंतर्गत कार्यालय अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग द्वारा पोस्टल पेंशनरों एवं पोस्टल फैमिली पेंशनरों की पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह पेंशन अदालत आगामी 6 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगी। पेंशन अदालत में पोस्टल पेंशनरों एवं पोस्टल फैमिली पेंशनरों के पेंशन प्रकरणों से संबंधित शिकायतों, लंबित मामलों एवं अन्य अवधानों का मौके पर ही निपटान किया जाएगा। इस हेतु इच्छुक पेंशनधारकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शिकायत संबंधी आवेदन पत्र 31 दिसंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन करते समय पेंशनधारक अपना मेल आईडी, मोबाइल नंबर, पीपीओ नंबर सहित अन्य आवश्यक विवरण अवश्य अंकित करें।